दिन– गुरूवार दिनांक– 14 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा सीआईएसएफ को मिली। कवि विद्यापति के नाम पर होगा हवाई अड्डा।

02 विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय प्राधिकार उपचुनाव में जदयू को हराकर राजद ने जीत दर्ज की।

03. विक्रमशिला सेतु की मरम्मत का काम शुरू। महीने के अंत तक परिचालन शुरू होने की संभावना।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–पूर्व जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि दरभंगा हवाई अड्डे का नामकरण कवि कोकिल विद्यापति के नाम पर किया जायेगा। श्री चौधरी आज दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को हस्तांतरित किये जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक में दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की मांग की जायेगी।

–––बाइट–––

श्री चौधरी ने जिले के शोभन में एम्स के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने डीएमसीएच में चल रहे कार्य की प्रगति को लेकर भी अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया।

---

बिहार विधान परिषद की भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट के उपचुनाव में महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार सोनू कुमार राय ने जीत दर्ज की है। उन्होंने एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को तीन सौ चौवन मतों के

अंतर से पराजित किया। यह सीट पूर्व एमएलसी राधाचरण साह के विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई थी। परिणाम घोषित होने के बाद राजद कार्यालय में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को रंग–अबीर लगाकर और मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

---

उपचुनाव में राजद प्रत्याशी सोनू कुमार राय की जीत पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सभी कार्यकर्ताओं, मतदाताओं और नेताओं को बधाई दी है।

———बाइट———

---

पटना, अररिया, किशनगंज, बेगूसराय, पूर्णियां और कटिहार जिले में आज नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। हमारी संवाददाता ने बताया कि नागरिक सुरक्षा अभ्यास किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए लोगों को तैयार करने का अभ्यास है।

———रिपोर्ट———

घड़ी की सुई में जैसे ही सात बजे सायरन की आवाज से पटना, अररिया, किशनगंज, बेगूसराय, पूर्णियां और कटिहार जिले में जन–जीवन थम सा गया। विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई। पन्द्रह मिनट तक ब्लैक आउट की स्थिति बनी रही। सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार थम गई और गाड़ियों के हेडलाइट बंद हो गए। इस दौरान लोगों ने संयम दिखाते हुए प्रशासन का पूरी तरह सहयोग किया। एक बार फिर सायरन की आवाज बजने के बाद स्थिति सामान्य हुई। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से निधि श्री।

---

देश में कच्चे तेल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है और किसी भी वितरण केंद्र पर आपूर्ति में कमी की सूचना नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

———बाइट———

---

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन ने पेट्रोल–डीजल की खपत कम करने के उद्देश्य से अपने कारकेड में वाहनों की संख्या घटाने का निर्देश दिया है। अब राज्यपाल के कारकेड में केवल तीन वाहन शामिल रहेंगे। पश्चिम एशिया में जारी संकट और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। साथ ही, सचिवालय के अधिकारियों और कर्मियों को भी अत्यंत आवश्यक होने पर ही सरकारी वाहनों के उपयोग का निर्देश दिया गया है। इधर, नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा ने भी अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या कम कर दी है। उन्होंने अन्य लोगों से भी ऊर्जा संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री की अपील पर अमल करने को कहा है।

–––बाइट–––

इधर, खगड़िया जिला प्रशासन ने प्रत्येक शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों में कर्मियों और अधिकारियों को बिना वाहन आने की अपील की है।

---

विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन, बीआरओ की सौ सदस्यीय टीम बेली ब्रिज का निर्माण कर रही है। बीआरओ के अधीक्षण अभियंता विपिन कुमार चांद ने बताया कि क्षतिग्रस्त हिस्से के पास चौबीस मीटर लंबा बेली ब्रिज बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस महीने के अंत तक सेतु पर परिचालन शुरू होने की संभावना है।

–––बाइट–––

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने भी मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

---

मौसम विभाग ने आज उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–पूर्व जिलों– पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, मधेपुरा और सहरसा में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई है। वहीं, इस अवधि में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी भी चल सकती है।

–––बाइट–––

---

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने दाखिल–खारिजें के लंबित मामलों को पन्द्रह दिनों के अंदर निपटाने का आदेश दिया है। इस संबंध में विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि एक सौ बीस दिनों से अधिक समय से लंबित मामलो का निष्पादन हर हाल में पन्द्रह दिनों के अंदर सुनिश्चित किया जाये। पत्र के साथ अंचलवार एक सौ बीस दिनों से अधिक लंबित मामलों की सूची भी भेजी गई है।

---

प्रदेश में टीबी के मरीजों को अब तीस दिनों की दवा एक साथ मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सभी अस्पतालों को पर्याप्त मात्रा में टीबी की दवा उपलब्ध करा दी गई है।

---

नीट यूजी पेपर लीक मामले में राजद के राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार जायसवाल की गिरफ्तारी हुई है। भाजपा प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने राजद नेता की गिरफ्तारी पर कहा कि यह एक गंभीर मामला है। राजद के नेता छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है।

–––बाइट–––

---

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सफल छात्रों को बधाई दी है। श्री कुमार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

जदयू कोटे के मंत्री सप्ताह में पांच दिन पटना प्रदेश कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम कर रहे हैं। आज इस सिलसिले में मंत्री अशोक चौधरी, मदन सहनी और श्वेता गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुना।

---

राजगीर में लगने वाले मलमास मेले को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने राजगीर और हावड़ा के बीच एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बिहार शरीफ, अस्थावां, बरबीघा, शेखपुरा, किउल और भागलपुर के रास्ते चलेगी। हावड़ा–राजगीर स्पेशल ट्रेन सोलह मई से सत्रह जून तक तथा राजगीर–हावड़ा स्पेशल ट्रेन सत्रह मई से अठारह जून तक प्रतिदिन संचालित होगी। ट्रेन में शयनयान और साधारण श्रेणी सहित कुल चौदह कोच लगाए जाएंगे।

---

किशनगंज जिले के भारत–नेपाल सीमा से सटे गलगलिया थाना क्षेत्र से सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस की टीम ने भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और भारतीय, चीन, कतर और सऊदी की करेंसी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले को अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी से जोड़कर जांच कर रही है।

---

कैमूर जिले के भभुआ व्यवहार न्यायालय ने असम राइफल्स के सूबेदार मेजर शशिभूषण तिवारी की हत्या मामले में छह लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त सभी दोषियों पर एक–एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

---

खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच इकतीस पर ट्रक, कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

मधेपुरा के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने कार्य में लापरवाही बरतने और जनता की शिकायतों के प्रति नकारात्मक रवैये को लेकर तीन थानाध्यक्षों को निलंबित कर दिया है। इसमें भर्राही के थानाध्यक्ष अरमोद कुमार सिंह, बिहारीगंज के कृष्ण कुमार सिंह और पुरैनी थाना के चंद्रजीत प्रभाकर शामिल हैं।

---

पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र के बरियारपुर से जिला आसूचना इकाई और एसटीएफ की टीम ने एक ऑटो रिक्शा से पांच हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र से एसटीएफ और पुलिस की टीम ने हथियारों के साथ दो तस्तर को गिरफ्तार किया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के मुहम्मदपुर खाजे गांव में पुलिस ने छापेमारी कर शराब बनाने की फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है।

---

शेखपुरा जिले के चेवारा थाना क्षेत्र से पुलिस ने जन सुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहमद सफी इमान और उसके भाई को तीन वर्ष पुराने एक मामले में गिरफ्तार किया है।

---

तमिलनाडु के कोयम्बटूर में फंसे रोहतास के अट्ठाईस मजदूरों को सुरक्षित वापस लाया गया है। इन सभी को वहां बंधक बनाकर काम लिया जा रहा था। इधर, शेखपुरा में श्रम संसाधन विभाग के धावा दल ने चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। इन बच्चों के नियोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

---

अररिया सदर अस्पताल में नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा। जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल परिसर में एलईडी डिस्प्ले और कूलरयुक्त आरओ लगाने सहित कई अन्य प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

---

जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने मॉडल स्कूल ओंकार प्रवेशिका विद्यालय केशरबाग का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाये जाने पर उन्होंने विशेष अभियान चलाकर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने पठन–पाठन, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

---

01. दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा सीआईएसएफ को मिली। कवि विद्यापति के नाम पर होगा हवाई अड्डा।

02 विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय प्राधिकार उपचुनाव में जदयू को हराकर राजद ने जीत दर्ज की।

03. विक्रमशिला सेतु की मरम्मत का काम शुरू। महीने के अंत तक परिचालन शुरू होने की संभावना।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–पूर्व जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई।

---

समाप्त